RNI Title-Code :- RAJBIL27027

www.nagaurdaily.com

Email. nagaurdaily0@gmail.com

# नागौर डेली न्यूज

नागौर, कुचामनसिटी, डीडवाना, मकराना, परबतसर, जायल मेड़तासिटी, खींवसर, डेगाना व नावां से एक साथ प्रकाशित

अहसास बदलाव का...

वर्ष: 1 | अंक 169 | नागौर, 20 मई, 2022 (शुक्रवार) | मूल्य 5 रुपया | पृष्ठ 4 | E-Edition

## रूस-यूक्रेन युद्ध बना वैश्विक खाद्य संकट का कारण

### यूएन ने दी चेतावनी

### कई देशों पर अकाल का खतरा

न्यूयॉर्क।

संयुक्त राष्ट्र ने चेतावनी जारी करते हुए कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध से जल्द ही वैश्विक खाद्य संकट पैदा हो सकता है, जो वर्षों तक बना रह सकता है। बीबीसी ने बताया कि खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतों के कारण आने वाले समय में कुछ देशों को दीर्घकालिक अकाल का सामना करना पड़ सकता है। यदि यूक्रेन के निर्यात को युद्ध से पहले बहाल नहीं किया गया है तो वैश्विक खाद्य संकट पैदा हो सकता है। रूस-यूक्रेन युद्ध ने यूक्रेन के बंदरगाहों से आपूर्ति में कटौती की है, जो पहले बड़ी मात्रा में खाना पकाने के तेल का निर्यात करता था। दुनिया में मक्का और गेहूं जैसे अनाज के निर्यात पर भी इसका बहुत बुरा प्रभाव पड़ा है। इससे वैश्विक खाद्य आपूर्ति कम हो गई है और विकल्पों की कीमतें बढ़ गई हैं।

**संयुक्त राष्ट्र ने वैश्विक खाद्य संकट पर जताई चिंता**-संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, वैश्विक खाद्य कीमतें पिछले साल की समान अवधि की तुलना में लगभग 30 प्रतिशत अधिक हुई है। संयुक्त राष्ट्र (ह)के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि रूस -यूक्रेन युद्ध, जलवायु परिवर्तन और महामारी के प्रभावों के साथ दसियों लाखों लोगों को संकट में डालने का खतरा बना हुआ है। दुनिया के कई हिस्सों में खाद्य असुरक्षा बढ़ने के बाद कुपोषण, सामूहिक भूख और अकाल का सामना करना पड़ सकता है। रूस-यूक्रेन युद्ध जारी रहने पर आने वाले महीनों में हमें वैश्विक खाद्य कमी के खतरे का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने चेतावनी दी कि संकट का एकमात्र प्रभावी समाधान यूक्रेन के खाद्य उत्पादन के साथ ही रूस और बेलारूस दोनों द्वारा उत्पादित उर्वरक को वैश्विक बाजार में वापस लाना है। रूस और यूक्रेन दुनिया के करीब 30 प्रतिशत गेहूं का उत्पादन करते हैं। युद्ध से पहले यूक्रेन को दुनिया की रोटी की टोकरी के रूप में देखा जाता था। यूक्रेन अपने बंदरगाहों के जरिए प्रति माह 45 लाख टन कृषि उत्पाद निर्यात करता था, लेकिन जब से रूस ने 24 फरवरी को अपना आक्रमण शुरू किया है, तब से उसका निर्यात गिर गया है और दुनिया भर में कीमतें आसमान छू गई हैं। शनिवार को भारत द्वारा गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगाने के बाद चिंता और बढ़ गयी है। संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि वर्तमान में यूक्रेन में पिछली फसल का लगभग 200 लाख टन अनाज फंसा हुआ है। अगर यह जारी किया जाता है तो वैश्विक बाजारों पर दबाव कम हो सकता है।



#### रूस-यूक्रेन युद्ध से जानिए भारत कैसे हो रहा प्रभावित

रूस-यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध से भारतीय अर्थव्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई है, खास तौर पर तब जब भारतीय बाजार कोरोना महामारी से उबरने का प्रयास कर रहा है। युद्ध के कारण कच्चे तेल में अपेक्षित वृद्धि महंगाई को बढ़ावा दे रही है। इस कारण पेट्रोल, डीजल और अन्य पेट्रोलियम पदार्थों की कीमत आसमान छू रही हैं। दूसरी ओर, इस मौजूदा परिस्थितियों में रुपये के अंतरराष्ट्रीय बाजार में कमजोर होने के कारण भारत का आयात-निर्यात भी बुरी तरह प्रभावित हुआ है। दिसंबर 2021 के आंकड़ों के अनुसार, भारत ने रूस से करीब 72 .47 अरब रुपये का आयात किया। रूस मुख्य तौर पर कच्चे तेल, उर्वरक, प्राकृतिक गैस और रक्षा सामानों का निर्यात भारत को करता है। तो वही भारत यूक्रेन से दवा बनाने के लिए कच्चा माल, सूरजमुखी, जैविक रसायन पदार्थ, प्लास्टिक, लोहा और इस्पात का आयात करता है। इस कारण भारतीय बाजारों में इन सभी चीजों की कीमतों पर बुरा प्रभाव पड़ा हैं।

## गैस सिलेण्डर ने फिर लगाई आग

### घरेलू गैस के दाम 3.50 रु. बढ़ाए गए, कॉमर्शियल सिलेंडर की कीमतों में भी 8.00 रु. का इज़ाफ़ा हुआ



नई दिल्ली।

गैस सिलेंडर की कीमतों में गुरुवार को एक बार फिर इजाफा हुआ है। पेट्रोलियम कंपनियों ने घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर के दाम में 3 रुपए 50 पैसे की बढ़ोतरी की है। वहीं कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में भी 8 रुपए का इजाफा किया गया है। एक महीने में यह लगातार दूसरी बार है, जब गैस के दाम बढ़ाए गए हैं। दिल्ली और मुंबई में 14.2 किलो वाला घरेलू एलपीजी सिलेंडर 1003 रुपए पर मिलेगा। पिछले एक साल में दिल्ली में घरेलू एलपीजी सिलेंडर 809 रुपए से 1003 रुपए पर पहुंच गया है।

वहीं कोलकाता में एलपीजी के दाम 1029 रुपए और चेन्नई में 1018.5 रुपए तक आ गए हैं। इससे देश के अधिकतर शहरों में एलपीजी सिलेंडर का भाव 1000 रुपए के पार पहुंच गया, लेकिन दिल्ली इसमें पीछे रह गई थी। अब पूरे देश में घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत 1000 रुपए के पार है।

#### पिछले 8 साल में 157 फीसदी महंगा हुआ सिलेंडर

रसोई गैस की कीमतों का विश्लेषण करें तो पिछले 8 साल में इसकी कीमतों में 157 फीसदी का इजाफा हुआ है। मई 2014 में जब केन्द्र में एनडीए की सरकार सत्ता में आई तब घरेलू रसोई गैस की कीमत 391 .5 रुपए प्रति सिलेंडर थी। उस समय लोगों को सब्सिडी सीधे खाते में देकर केन्द्र सरकार अपने स्तर पर वहन करती थी। अब 8 साल में ये कीमत बढ़कर 1006 .5 रुपए हो गई।

#### मार्च 2015 से खातों में आने लगी सब्सिडी

मोदी सरकार ने सत्ता में आने के बाद रसोई गैस सिलेंडर पर दी जाने वाली सब्सिडी को सीधे उपभोक्ताओं के खाते में पहुंचाने का काम शुरू किया। इसके बाद से लोगों को साल में 12 रसोई गैस सिलेंडर पर सब्सिडी देने का प्रावधान किया गया। सिलेंडर तो बाजार रेट पर मिलता था, लेकिन उसके दी जाने वाली 20 फीसदी तक की सब्सिडी की राशि को उपभोक्ता के सीधे खाते में डाली जाती थी।

## यूनिवर्सिटी को वैचारिक लड़ाई के लिए कुछती का मैदान ना बनाएं, ये वैचारिक मंच : अमित शाह



नई दिल्ली।

दिल्ली यूनिवर्सिटी के 100 साल पूरे होने पर 19 मई से 21 मई तक तीन दिन का इंटरनेशनल सेमिनार का आयोजन किया गया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह इसमें अतिथि थे। शाह ने कहा कि किसी भी यूनिवर्सिटी को वैचारिक लड़ाई के लिए कुछती का मैदान नहीं बनना चाहिए। बल्कि ये विचारों के आदान-प्रदान के लिए मंच है।

#### मोदी से पहले देश में नहीं थी कोई रक्षा नीति

शाह ने भारत की रक्षा नीति के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सत्ता में आने से पहले देश में कोई भी रक्षा नीति नहीं थी। अगर कोई रक्षा नीति थी भी तो वो विदेश नीति की छाया थी। साथ ही उन्होंने सर्जिकल स्ट्राइक और हवाई हमलों का जिक्र करते हुए कहा कि भारत ने दिखाया कि उनके लिए रक्षा नीति का क्या मतलब है।

#### सर्जिकल स्ट्राइक और हवाई हमलों ने बताया रक्षा का मतलब

उन्होंने कहा कि पहले आतंकवादी हम पर हमला करने के लिए भेजे जाते थे। उरी और पुलवामा हमले में भी ऐसा करने कोशिश की गई थी। लेकिन सर्जिकल स्ट्राइक और हवाई हमलों से हमने दिखाया कि हमारे लिए रक्षा नीति का क्या मतलब है।

## बोलेरो ने कार को उड़ाया, 5 भाइयों की मौत, 8 दिन पहले हुई थी एक की शादी

भरतपुर।



देर रात हुए एक भीषण सड़क हादसे में पांच भाइयों की दर्दनाक मौत हो गई। इनमें से एक भाई की शादी आठ दिन पहले ही हुई थी। सभी भाई शादी के मौके पर खरीदी नई कार में घूमने निकले थे। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया। मामला भरतपुर के पहाड़ी थाना क्षेत्र का है। बुधवार रात करीब 11 बजे एक तेज रफ्तार बोलेरो ने वेन्यू कार को उड़ा दिया। टक्कर इतनी जोरदार थी की वेन्यू कार के परखच्चे उड़ गए। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को गाड़ी से बाहर निकाला। इसके बाद पहुंची पुलिस ने घायलों को पहाड़ी के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। यहां इलाज के दौरान दो नाबालिग सहित पांचों भाइयों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया बरखेड़ा के पास हुए इस सड़क हादसे में टक्कर मारने वाली बोलेरो में सात लोग सवार थे। जिन्हें भी काफी चोटें आई हैं। हालांकि, घायलों के बारे में अभी तक जानकारी नहीं मिल पाई है।

## हमारा उत्थान दूसरों के कल्याण का माध्यम बने, संस्कार का अर्थ समर्पण है : मोदी

वडोदरा।

पीएम मोदी ने गुरूवार को गुजरात के वडोदरा में श्री स्वामीनारायण मंदिर की ओर से आयोजित एक युवा शिविर को संबोधित किया। उन्होंने कहा है कि हमारे संतों और हमारे शास्त्रों ने हमें सिखाया है कि किसी भी समाज का निर्माण, समाज की हर पीढ़ी में निरंतर चरित्र निर्माण से होता है। उसकी सभ्यता, परंपरा, उसके आचार-विचार-व्यवहार एक प्रकार से हमारी सांस्कृतिक विरासत की संवृद्धि से होता है। उन्होंने कहा कि हमारे लिए संस्कार का अर्थ है- शिक्षा, सेवा और संवेदनशीलता। हमारे लिए संस्कार का अर्थ है- समर्पण, संकल्प और सामर्थ्य।

## कांग्रेस के चिंतन शिविर से घबराकर जयपुर में बैठक कर रही है भाजपा : सीएम गहलोत

जयपुर।

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बृहस्पतिवार को कहा कि कांग्रेस के हालिया नव संकल्प चिंतन शिविर से डरी भारतीय जनता पार्टी अपने राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक जयपुर में कर रही है। भाजपा की यह तीन दिवसीय बैठक बृहस्पतिवार शाम यहां शुरू हो रही है। गहलोत ने यहां संवाददाताओं से कहा, जैसे ही उदयपुर में हमारे चिंतन शिविर की घोषणा हुई, साथ-साथ में इनका चिंतन शिविर आ गया जयपुर के अंदर, इतने घबराए हुए लोग हैं ये। ये घबराहट का नतीजा है कि आज ये कुनबा (भाजपा का) इकट्ठा हो रहा है। कांग्रेस का तीन दिवसीय चिंतन शिविर हाल ही में उदयपुर में संपन्न हुआ था। गहलोत ने इसके साथ ही विश्वास जताया कि राज्य की जनता एक बार फिर कांग्रेस के पक्ष में मतदान कर उसे सत्ता सौंपेगी।

भाजपा पर निशाना साधते हुए गहलोत ने कहा, मैं बार-बार बोलता हूं कि देश किस दिशा में जा रहा है, किस दिशा में जाएगा, ये किसी को नहीं मालूम है क्योंकि जो लोग सत्ता में बैठे हुए हैं, इनको जनता का भय नहीं है। वो हिंदू



धर्म के नाम पर राजनीति कर रहे हैं। इनको ये घमंड आ गया है कि सब हिंदू हमारे साथ में हैं, कौन हमारा क्या बिगाड़ लेगा? मुख्यमंत्री ने आगे कहा, इनको लोगों की परवाह नहीं, ये लोकतंत्र के लिए खतरा है। ये आम जनता को समझना पड़ेगा कि हिंदुत्व के नाम पर आपको जो भ्रमित कर रहे हैं, ये देशवासियों के लिए उल्टा पड़ेगा। ये जनहित में नहीं है, आम लोगों के हित में नहीं है, ये समझना पड़ेगा।

गहलोत ने राज्य के करौली में दो अप्रैल को हुई हिंसा को पूर्व नियोजितकरार देते हुए कहा कि ये लोग राज्य की कांग्रेस सरकार को बदनाम करने का एजेंडा लेकर चल रहे हैं। गहलोत ने कहा, करौली में एक घंटे में दुकानें जला दी गई क्योंकि योजनाबद्ध तरीके से वो काम हुआ था। भाजपा के बड़े नेता मुख्य आरोपी हैं वहां पर, परंतु 20 दिन तक देशभर में करौली-करौली चलता रहा क्योंकि इनके एजेंडा में है कि राज्य में चुनाव आ रहे हैं, उनको (सरकार को) बदनाम कैसे करो? ये इनका एजेंडा है। उन्होंने दोहराया कि जनता का ध्यान महंगाई और बेरोजगारी के असली मुद्दों से भटकाया जा रहा है। गहलोत ने यह भी कहा कि अपराधों में वृद्धि, पेपर लीक की घटनाएं आदि बेरोजगारी का परिणाम हैं और युवाओं को रोजगार प्रदान करना केंद्र और राज्य दोनों सरकारों की जिम्मेदारी है। इससे पहले गहलोत ने देश में बढ़ती महंगाई को लेकर भी बुधवार रात केंद्र पर निशाना साधा था।

गहलोत ने ट्वीट किया, देश में थोक महंगाई दर 15.08 प्रतिशत के रिकॉर्ड पर पहुंच गई है। पिछले एक साल से थोक महंगाई दर 10 प्रतिशत से अधिक है।

## नवजोत सिद्धू को बड़ा झटका : सुप्रीम कोर्ट ने 34 साल पुराने केस में एक साल सश्रम कैद की सजा सुनाई, दी यह प्रतिक्रियिा

चंडीगढ़/नई दिल्ली।

पंजाब कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू को बड़ा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने 34 साल पुराने रोड रेज मामले में सिद्धू को एक साल सश्रम कैद की सजा सुनाई है। इससे पहले सुप्रीम ने उनको एक हजार रुपये का जुर्माना लगाकर छोड़ दिया था। सिद्धू को जब सुप्रीम कोर्ट सजा सुना रहा था उस समय वह हाथी पर सवार होकर महंगाई के मुद्दे पर पटियाला में प्रदर्शन कर रहे थे।

**सजा पर आई नवजोत सिंह सिद्धू की प्रतिक्रिया, सरेंडर करने के संकेत दिए**-सजा पर नवजोत सिंह सिद्धू ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि वह कानून की महिमा के लिए खुद को प्रस्तुत करेंगे। इस ट्वीट से माना जा रहा है सिद्धू अदालत या पुलिस के



समक्ष सरेंडर करेंगे। वैसे मीडिया कर्मियों ने सिद्धू से बात करने और सजा पर उनकी प्रतिकिया जानने की कोशिश की तो उन्होंने नो कमेंट कहा और अपनी कार से निकल गए।

सुप्रीम कोर्ट ने रोडवेज के पुराने मामले में पूर्व क्रिकेटर और कांग्रेस नेता नवजोत सिंह सिद्धू को 1 साल के कारावास की सजा सुनाई। पहले कोर्ट ने सिद्धू को सिर्फ 1000 रुपये जुर्माने की सजा देकर छोड़ दिया था।

सिद्धू पर 34 साल पहले पटियाला में सड़क पर हुए विवाद में गुरनाम सिंह के साथ मारपीट करने का आरोप है। गुरनाम सिंह की अस्पताल में मौत हो गई थी। रोडरेज का यह मामला 27 दिसंबर, 1988 का है। नवजोत सिंह सिद्धू पटियाला में कार से जाते हुए गुरनाम सिंह नाम के एक बुजुर्ग से भिड़ गए थे। आरोप है कि गुस्से में नवजोत सिद्धू ने उन्हें मुक्का मार दिया, जिसके बाद गुरनाम सिंह की मौत हो गई थी। पटियाला पुलिस ने सिद्धू और उनके दोस्त रूपिंदर सिंह के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया था। निचली अदालत ने नवजोत सिंह सिद्धू को सुबूतों के अभाव में 1999 में बरी कर दिया था, लेकिन पीड़ित पक्ष पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट पहुंच गया।

## देश में 2,364 नए कोरोना संक्रमित मामले सामने आये



नई दिल्ली।

भारत में एक दिन में कोविड-19 के 2,364 नए मामले सामने आने के बाद देश में कोरोना वायरस से अब तक संक्रमित हो चुके लोगों की संख्या बढ़कर 4,31,29,563 हो गई। वहीं, उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 15,419 रह गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से बृहस्पतिवार को जारी अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, भारत में संक्रमण से 10 और लोगों की मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर 5,24,303 हो गई है। वहीं, देश में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 15,419 रह गई है, जो कुल मामलों का 0.04 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटों में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 228 की कमी दर्ज की गई है।

वहीं, मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर 98.75 प्रतिशत है। अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, संक्रमण की दैनिक दर 0.50 प्रतिशत और साप्ताहिक दर 0.55 प्रतिशत है। देश में अब तक कुल 4,25,89,841 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं, जबकि कोविड-19 से मृत्यु दर 1.22 प्रतिशत है। वहीं, राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक कोविड-19 रोधी टीकों की 191.79 करोड़ से अधिक खुराक दी जा चुकी हैं।

## सुनील जाखड़ भाजपा में शामिल

### मोदी की तारीफ कर जाखड़ बोले सिद्धांतों से हट गई है कांग्रेस

चंडीगढ़

कांग्रेस को अब पंजाब से बड़ा झटका लगा है। पंजाब कांग्रेस के दिग्गज हिंदू नेता सुनील जाखड़ आज भाजपा में शामिल हो गए। दिल्ली में पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने उन्हें पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दिलाई। जाखड़ ने कुछ दिन पहले ही अनुशासनहीनता का नोटिस मिलने पर कांग्रेस छोड़ दी थी। इससे पहले गुजरात से कांग्रेस नेता हार्दिक पटेल भी कांग्रेस छोड़ चुके हैं। जाखड़ का परिवार करीब 50 साल कांग्रेस में रहा। इस वक्त उनकी तीसरी पीढ़ी से भतीजे संदीप जाखड़ कांग्रेस के विधायक बने हैं।

#### 50 साल कांग्रेस के साथ रहे

**भाजपा जॉइन करने के बाद जाखड़ ने कहा कि 1972 से लेकर 2022 तक हर अच्छे-बुरे समय में हमारा परिवार 50 साल तक कांग्रेस के साथ रहा। जाखड़ ने कहा, मैंने कभी राजनीति को निजी स्वार्थ के लिए इस्तेमाल नहीं किया। मैंने कभी किसी को तोड़ने की कोशिश नहीं की। सुनील जाखड़ ने एक परिवार से रिश्ता तोड़ा तो कुछ आधारभूत बातें थी। मैंने राष्ट्रीयता, एकता और पंजाब के भाईचारक सांझ के लिए यह कदम उठाया।**




#### कांग्रेस पार्टी सिद्धांतों से हटी

उन्होंने कहा कि पंजाब में दंगों के वक्त भी हिंदू-सिख भाईचारा कभी नहीं टूटा। मेरी जिंदगी का यही मूल मंत्र भी था। जाखड़ ने कहा कि मुझे दुख इस बात का है कि मुझे इस बात के लिए कटघरे में खड़ा किया गया कि मैंने पंजाब को जाति, धर्म और परसेंटेज के आधार पर न बांटने की बात कही। जाखड़ ने कहा कि मैंने रिश्तों को उसूलों की तरह निभाया है। जब पार्टी अपने सिद्धांत से ही हट जाए तो इसके बारे में सोचना पड़ता है।

## सम्पादकीय

# बढ़ता संकट

**प्रदूषण** से होने वाली मौतों को लेकर एक बार फिर चौंकाने वाले आंकड़े आए हैं। लैंसेट की ताजा रिपोर्ट बता रही है कि साल 2019 में दुनिया भर में प्रदूषण से नब्बे लाख मौतें हुई थीं। इनमें से पचहत्तर फीसद यानी छियासठ लाख साठ हजार मौतें तो सिर्फ वायु प्रदूषण की वजह से हुईं, जबकि तेरह लाख से ज्यादा लोग जल प्रदूषण का शिकार हो गए। यानी दुनिया में हर छठी मौत किसी न किसी प्रदूषण की वजह से हुई। नब्बे लाख का आंकड़ा यह भी बताता है कि दुनिया भर में हुई कुल मौतों में प्रदूषण से होने वाली मौतों का फीसद सोलह रहा। अगर भारत के संदर्भ में प्रदूषण से होने वाली मौतों के आंकड़ों पर गौर किया जाए तो और देशों के मुकाबले स्थिति कहीं बेहद गंभीर है। साल 2019 में सिर्फ वायु प्रदूषण से भारत में सोलह लाख से ज्यादा लोग मारे गए। गौर करने वाली बात यह भी है कि घरेलू वायु प्रदूषण की तुलना में औद्योगिक वायु प्रदूषण और रासायनिक प्रदूषण ज्यादा कहर बरपा रहा है और ऐसा सिर्फ भारत में ही नहीं दुनिया भर में हो रहा है।

दरअसल, प्रदूषण पूरी दुनिया के लिए एक गंभीर समस्या बन चुका है। और यह कोई एक-दो दशक की देन नहीं है, बल्कि इसका असर बीसवीं सदी में ही दिखना शुरू हो गया था। दुनिया में औद्योगिक विकास का पहिया जिस तेजी से चला, उसने विकास के साथ प्रदूषण भी फैलाया। दुनिया भर में कारखाने, फैक्ट्रियों से लेकर छोटे उद्योग तक प्रदूषण का बड़ा कारण बनते गए। इसीलिए आज जमीन से लेकर वायुमंडल तक में जहरीले रसायन और जहरीली गैसों की मात्रा बढ़ती जा रही है।

लैंसेट की रिपोर्ट बता रही है कि 2019 में करीब नौ लाख तो सिर्फ सीसे व दूसरे जहरीले रसायनों के संपर्क में आने से मारे गए। अगर कुछेक विकसित देशों को छोड़ दिया जाए तो आज भी दुनिया के आधे से ज्यादा देशों में उद्योग भारी प्रदूषण फैला रहे हैं और ऐसे उद्योगों में कामगार बेहद खतरनाक हालात में काम कर रहे हैं। वायु प्रदूषण का एक बड़ा कारण कोयले से चलने वाले बिजलीघर बने हुए हैं। गिने-चुने ही देश हैं जो कोयले से चलने वाले बिजलीघरों से मुक्त हो पाए हैं, वरना आज भी ज्यादातर देशों में बिजलीघर कोयले पर ही निर्भर हैं। वाहनों से निकलने वाले धुएं और घरेलू इस्तेमाल के लिए ईंधन के पारंपरिक साधन भी वायु प्रदूषण का बड़ा कारण हैं। विकासशील और गरीब देशों में यह समस्या विकराल रूप धारण कर चुकी है।

ऐसा भी नहीं कि प्रदूषण को लेकर दुनिया गंभीर नहीं है। पिछले तीन दशक से भी ज्यादा समय से धरती बचाने के लिए विकसित देशों की अगुआई में मुहिम चल रही है। पर्यावरण को लेकर हर साल शिखर सम्मेलन और बैठकें हो रही हैं। तोक्यो समझौता, पेरिस समझौता, ग्लासगो करार जैसे संकल्प भी सामने आते रहे हैं।


लेकिन विडंबना यह है कि प्रदूषण कम होने के बजाय बढ़ता जा रहा है और प्रदूषण कम करने की दिशा में जिन्हें सबसे ज्यादा योगदान करना है, वे पीछे हट जा रहे हैं। गरीब और विकासशील देशों की अपनी सीमाएं हैं। प्रदूषण रोकने के उपायों के साथ इन्हें अपने आर्थिक संसाधनों को भी देखना है। हालांकि भारत ने वायु और जल प्रदूषण से निपटने की दिशा में पिछले कुछ सालों में सक्रियता दिखाई है। पर दशकों से हम जिस व्यवस्था में ढल चुके हैं, उसमें प्रदूषण से मुकाबला अब आसान नहीं है। इसलिए यह बड़ी चुनौती बनता जा रहा है।

# प्रधानमंत्री का नेपाल दौरा दोनों देशों के संबंधों को और मजबूत करने में सफल रहा

**प्रधानमंत्री ने धर्म, आस्था, संस्कृति के समागम के साथ भारत-नेपाल मैत्री के नये युग की शुरूआत के संकेत दिये। प्रधानमंत्री ने अपनी नेपाल यात्रा के माध्यम से सारनाथ से लुंबिनी वाया कुशीनगर के विकास का खाका तैयार कर दिया है। इस बीच भारत और नेपाल के मध्य छह समझौते भी हुए तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नेपाल के प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा के मध्य द्विपक्षीय वार्ता भी हुई जिसमें कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। प्रधानमंत्री का लुंबिनी में स्वागत वास्तव में बहुत अभूतपूर्व रहा। जब वह मायादेवी मंदिर में पूजा अर्चना के बाद बाहर निकले तो लोग उनको देखने और उनसे मिलने के लिए आतुर हो रहे थे। सड़क के दोनों ओर खड़े लोग भारत माता की जय की नारे लगा रहे थे। वहां के जनमानस में भारत के प्रति प्रेम उमड़ रहा था। ऐसा प्रतीत ही नहीं हो रहा था कि यह लोग चीन की भारत विरोधी नीतियों से प्रभावित हो सकते हैं। जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लुम्बिनी में वहां उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित किया और लोगों ने जिस प्रकार से मोदी-मोदी के नारे लगाकर उनका स्वागत और समर्थन किया उससे भारत के प्रति उनके सहज प्रेम का अनुमान पूरे विश्व को हुआ।**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर नेपाल की यात्रा की, यह यात्रा ऐसे समय में हुई है जब विश्व का बहुत बड़ा हिस्सा युद्ध और हिंसा के वातावरण के दौर से गुजर रहा है। विश्व के कई देश कोविड महामारी के बाद आंतरिक अशांति से गुजर रहे हैं तथा पूरा विश्व समुदाय भारत की ओर आशा की दृष्टि से देख रहा है। इसके अतिरिक्त ये ऐसा समय है जब नेपाल में बहुत दिनों के बाद भारत का समर्थन करने वाली सरकार बनी है। ज्ञातव्य है कि प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा के पहले वाली सरकार पर चीन का प्रभुत्व था और चीन की शह पर नेपाल भारत के खिलाफ चल पड़ा था यहाँ तक कि उसने भारत के कुछ हिस्सों पर अपना दावा भी पेश करना शुरू कर दिया था जिसके कारण नेपाल और भारत सरकार के बीच सम्बन्धों की मधुरता समाप्त प्राय हो गयी थी। इसी बीच नेपाल में आंतरिक राजनैतिक उठापटक हुई और शेर बहादुर देउबा वहां के नए प्रधानमंत्री बने जिसके बाद अब एक बार फिर भारत और नेपाल के बीच सकारात्मक वातावरण बना है। बुद्ध पूर्णिमा के दिन नेपाल पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लुम्बिनी स्थित माया देवी मंदिर में पूजा अर्चना की और विश्व शांति का वरदान मांगा। प्रधानमंत्री ने वहां अशोक स्तम्भ के भी दर्शन किये और दीप जलाये। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस प्रकार से लुम्बिनी में नेपाल की जनता को संबोधित किया वह एक बहुत ही सुखद व सकारात्मक संदेश दे रहा था और वह संबोधन कई मायने में ऐतिहासिक कहा जायेगा क्योंकि उसमें चीन सहित उन सभी लोगों को संदेश दिया गया जो यह समझ रहे थे कि नेपाल और भारत के बीच अब खाई इतनी गहरी हो गयी है कि उसे भर पाना बहुत ही मुश्किल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लुम्बिनी में अपने सम्बोधन में कहा कि अयोध्या में बन रहे राम मंदिर से नेपाल के लोग भी खुश हैं जिसके बाद वहां उपस्थित जनसमुदाय में आनंद की नयी लहर दौड़ गयी। उन्होंने आगे कहा कि प्रभु राम के युग से ही नेपाल भारतीयों के लिए आस्था का केंद्र रहा है क्योंकि वह माता सीता का घर है। दोनों देश मिलकर मानवता के लिए काम करेंगे और पूरे विश्व में भगवान बुद्ध के शांति के संदेश को पहुंचाएंगे। वर्तमान वैश्विक हालात को देखते हुए तय है कि भारत और नेपाल का सम्बंध और मजबूत होगा। दोनों देशों के बीच सिर्फ व्यावसायिक सम्बंध नहीं है अपितु सांस्कृतिक और सामाजिक सम्बंध भी हैं।

प्रधानमंत्री की यात्रा के दौरान भारत और नेपाल के बीच छह समझौते हुए हैं जिनमें भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद और लुंबिनी बौद्ध विश्व विद्यालय के बीच डॉ. अम्बेडकर पीठ को स्थापित करने के लिए करार हुआ। नेपाली विश्व विद्यालय में भारतीय अध्ययन पीठ बनाने, काठमांडू विश्व विद्यालय और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास के बीच भी एक समझौता हुआ है। काठमांडू विश्व विद्यालय और आईआईटी मद्रास के बीच स्नातक स्तर पर संयुक्त डिग्री पाठयक्रम शुरू करने



को लेकर भी सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किये गये हैं। सतलुज जल विद्युत् निगम और नेपाल इलेक्ट्रिसिटी अथॉरिटी के बीच पनबिजली परियोजना लगाने के लिए समझौता हुआ है। साथ ही लुंबिनी और कुशीनगर को जुड़वा शहरों के रूप में विकसित करने पर भी दोनों देशों के बीच सैद्धांतिक समहति बनी है। प्रधानमंत्री ने अपनी यात्रा से प्रेम, सौहार्द्र, भाईचारे की भावना की मजबूती पर बल दिया है। पीएम मोदी ने धर्म, शिक्षा, संस्कृति, व्यापार के बुनियादी ढांचे को मजबूती प्रदान करने की बात कही। प्रधानमंत्री ने लुम्बिनी में कहा कि सारनाथ, बोधगया, कुशीनगर और लुम्बिनी को जोड़कर बौद्ध सर्किट बनेगा। बुद्ध के सभी स्थानों को एक सूत्र में पिरोने की जरूरत है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सारनाथ, बोधगया, कुशीनगर और लुबिंनी दोनों देशों की साझी विरासत है। इन्हें साथ मिलकर विकसित करना है। प्रधानमंत्री का यह कहना कि भारत रिश्तों में नेपाल को हिमालय जैसी ऊंचाई देगा, आगामी भविष्य के लिए बहुत कुछ संकेत दे रहा है। प्रधानमंत्री ने बताया कि आठ वर्ष पहले हमने जो पौधा भेजा था अब वह वृक्ष होने जा रहा है। प्रधानमंत्री के नेपाल दौरे की एक सबसे बड़ी विषेषता यह रही कि भारत-नेपाल सीमा सोनौली में इंटीग्रेटेड चेकपोस्ट का निर्माण करीब 20 साल से अधर में है तथा किसानों के साथ कई दौर की बातचीत के बाद भी मसला हल नहीं हुआ है लेकिन लुंबिनी में अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने उसका उल्लेख किया है जिसके कारण उसे भी संजीवनी मिल गयी है। प्रधानमंत्री की नेपाल यात्रा से नेपाली पीएम देउबा भी बहुत गदगद नजर आ रहे थे। नेपाली पीएम देउबा ने कहा कि प्रधानमंत्री की नेपाल यात्रा से विशेषकर लुम्बिनी को वैश्विक पहचान मिलेगी। उनके यहां आने से दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक सम्बंधों को और मजबूती मिलेगी। नेपाली शहर लुंबिनी में नेपाल के प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा के साथ हुई द्विपक्षीय मुलाकात से दोनों देशों के बीच विगत दिनों उपज रहे तनाव को दूर कर सम्बंध सशक्त करने में मदद मिली है।

## व्यापार समाचार

# सीमेंट के बाद अडाणी समूह अब स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में उतरने को तैयार, नई कंपनी बनाई

नई दिल्ली।

अडाणी समूह सीमेंट के बाद अब स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में उतरने की तैयारी कर रहा है। अरबपति उद्योगपति गौतम अडाणी की अगुवाई वाले समूह ने बड़े अस्पतालों, डायग्नॉस्टिक श्रृंखला और ऑनलाइन और डिजिटल फार्मेसी के अधिग्रहण के जरिये इस क्षेत्र में उतरने की तैयारी की है। समूह ने इसके लिए एक नई कंपनी का गठन भी किया है। समूह की कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज लि. ने शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कहा है कि इस उद्देश्य से 17 मई, 2022 को एक पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी अडाणी हेल्थ वेंचर्स लि. (एएचवीएल) का गठन किया गया है। एएचवीएल स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित गतिविधियों का परिचालन करेगी। यह कंपनी चिकित्सा और जांच सुविधाओं की स्थापना और संचालन के अलावा, स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी आधारित सुविधाओं, शोध केंद्रों आदि का गठन करेगी। समूह ने कहा कि एएचवीएल का कारोबारी परिचालन समय के साथ शुरू होगा। बंदरगाह से लेकर हवाईअड्डा और ऊर्जा




क्षेत्र में परिचालन करने वाला समूह हाल में सीमेंट क्षेत्र में उतरा है। समूह ने स्विट्जरलैंड की सीमेंट कंपनी होल्सिम के भारतीय परिचालन का 10.5 अरब डॉलर के सौदे में अधिग्रहण किया है। स्वास्थ्य क्षेत्र में उतरने के लिए समूह की कई बड़े खिलाड़ियों के साथ बात चल रही है। अडाणी समूह स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में चार अरब डॉलर का निवेश कर सकता है। बताया जाता है कि अडाणी समूह और पीरामल हेल्थकेयर सार्वजनिक क्षेत्र की फार्मास्युटिकल कंपनी एचएलएल हेल्थकेयर लि. के अधिग्रहण की दौड़ में हैं। सरकार ने दिसंबर, 2021 को कंपनी में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी निजी क्षेत्र की इकाइयों को बेचने का फैसला किया था।

# जीएसटी पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला : काउंसिल की सिफारिशें मानने के लिए केन्द्र और राज्य मजबूर नहीं

नई दिल्ली।

जीएसटी काउंसिल की सिफारिशों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला दिया है। गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि जीएसटी काउंसिल की सिफारिशें केन्द्र और राज्य सरकार के लिए मजबूर नहीं है। यानी, केन्द्र सरकार और राज्य सरकारें जीएसटी काउंसिल की सिफारिशों के विपरीत भी फैसले ले सकती हैं। बता दें, यह फैसला डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने दिया है।

**केन्द्र और राज्य दोनों बना सकते हैं कानून :** सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में यह भी स्पष्ट कर दिया है कि केन्द्र और राज्य सरकार दोनों जीएसटी के मामलों पर कानून बना सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि जीएसटी काउंसिल की सिफारिशें सहयोगात्मक



चर्चा का नतीजा होता है। संघीय व्यवस्था में यह जरूरी नहीं कि किसी एक पास हमेशा उच्च स्तर हो। जीएसटी काउंसिल को समाधान देने के लिए सामंजस्य बैठाते हुए काम करना चाहिए। अदालत ने कहा है कि जीएससीटी में कोई ऐसा प्रावधान नहीं है जिसमें उन परिस्थितियों का समाधान हो जब केन्द्र और राज्यों द्वारा बनाए गए कानून में विभिन्नता हो। अगर ऐसी कोई परिस्थिति आती है तो जीएसटी काउंसिल उन्हें उचित सलाह देती है। बता दें, सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला गुजरात हाई कोर्ट के 2020 के फैसले को बरकार रखते हुए आया है। तब गुजरात हाई ने अपने फैसले में रिवर्स चार्ज के तहत समुद्री माल आयतकों पर आईजीएसटी लगाने को रद्द कर दिया था।

### ऑनलाइन गेम, कसीनो पर देना पड़ सकता है 28% जीएसटी

मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा की अगुवाई वाली मंत्रियों के समूह ने कसीनो, रेस कोर्स ऑनलाइन गेमिंग को 28% जीएसटी का दायरे में लाने को लेकर आम सहमति बन गई है। यह रिपोर्ट एक दो दिन के अंदर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को सौंप दी जाएगी। जिसके बाद इसे अगले जीएसटी काउंसिल की मीटिंग में रखा जाएगा।







## आज का राशिफल

### मेष
बेरोजगारी के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा लाभदायक रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। कोई बड़ी समस्या का हल सहज ही होगा। समय अनुकूल है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

### वृषभ
विवाद को बढ़ावा न दें। फालतू खर्च होगा। अपेक्षाकृत कार्यों में विलंब होगा। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। किसी व्यक्ति के बहकावे में न आएं। परिवार के किसी व्यक्ति के स्वास्थ्य पर खर्च होगा। व्यवसाय ठीक चलेगा।

### मिथुन
यात्रा लाभदायक रहेगी। रुका हुआ धन प्राप्त हो सकता है। आय में वृद्धि होगी। लाभ में वृद्धि होगी। कारोबार में वृद्धि होगी। शेयर मार्केट से लाभ होगा। व्यापार ठीक चलेगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। समय की अनुकूलता का लाभ लें।

### कर्क
किसी बड़े काम को करने की तीव्र इच्छा जागृत होगी। आर्थिक उन्नति की योजना बनेगी। व्यापार लाभदायक रहेगा। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है। नए उपक्रम प्रारंभ हो सकते हैं। कार्यसिद्धि होगी। प्रसन्नता में वृद्धि होगी।

### सिंह
धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। तीर्थयात्रा की योजना बनेगी। कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। निवेश में सोच-समझकर हाथ डालें। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा।

### कन्या
विवाद को बढ़ावा न दें। चोट व दुर्घटना के प्रति सावधानी आवश्यक है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। बनते कामों में विघ्न आ सकते हैं। चिंता तथा तनाव रहेंगे। बेकार बातों की तरफ ध्यान न दें।

### तुला
कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। शत्रु पस्त होंगे। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। व्यापार लाभदायक रहेगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। मानसिक बेचैनी रहेगी।

### वृश्चिक
किसी व्यक्ति के बहकावे में न आएं। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। समय की अनुकूलता का लाभ लें।

### धनु
कानूनी अड़चन सामने आएगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। बेचैनी रहेगी। व्यर्थ दौड़धूप रहेगी। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। पार्टी व पिकनिक का आनंद प्राप्त होगा। मित्रों के साथ समय मनोरंजक व्यतीत होगा।

### मकर
कोई बड़ी बाधा उठ खड़ी हो सकती है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें, गुम हो सकती है। विवाद के बढ़ावा न दें। बुरी खबर मिल सकती है, धैर्य रखें। किसी व्यक्ति विशेष से कहासुनी हो सकती है। मेहनत अधिक होगी।

### कुंभ
लाभ के अवसर हाथ आएंगे। मेहनत का फल मिलेगा। मान-सम्मान मिलेगा। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। व्यापार लाभदायक रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। ऐश्वर्य के साधनों पर खर्च होगा।

### मीन
भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। आत्मसम्मान बना रहेगा। बुद्धि का प्रयोग करेंगे। कार्य में सफलता मिलेगी। पार्टनरों का सहयोग प्राप्त होगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। लाभ में वृद्धि होगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

चित्तावा थानान्तर्गत लांबा गांव का मामला

# महिलाओं ने सरेराह प्रेमिका के प्राइवेट पार्ट में भर दी लाल मिर्च

## घटनास्थल पर खड़े लोगो ने बनाया वीडियों

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** अवैध संबंधों के शक के चलते एक व्यक्ति की पत्नी व पुत्रवधु ने एक महिला को बीच सड़क पर न केवल जमकर पीटा बल्कि उसके प्राइवेट पार्ट में लाल मिर्च भर दी। मामला चित्तावा थानान्तर्गत लांबा गांव का है। इस घटना का मौके पर मौजूद लोगो ने वीडियों भी बना लिया। हालांकि मामला करीब एक सप्ताह पुराना है परन्तु इस घटना का वीडियो अब सामने आया है। इस संबंध में पीड़ित प्रेमिका ने 14 मई को पुलिसथाना चित्तावा में उपस्थित होकर रिपोर्ट भी दर्ज कराई है। रिपोर्ट में पीड़ित 35 साल की महिला ने बताया है कि वह खेतों में प्याज कटाई की मजदूरी का काम करती है। इसके लिए ही प्याज मजदूरों के लिए गाड़ी चलाने वाले ड्राइवर गोपालराम रैगर से अक्सर फोन पर बात होती रहती थी। गोपाल की पत्नी सोहनी देवी और उसकी पुत्रवधु सुमन पत्नी गोगराज को उसके और गोपालराम के बीच अवैध संबंध होने का शक हो गया। करीब ढाई माह पूर्व भी सोहनी और सुमन ने पीड़िता कि बेटी को उसके घर आकर धमकियां भी दी थी।

13 मई को शाम के समय पीड़िता को सोहनी देवी और सुमन देवी ने मंजू देवी पत्नी बाबूलाल और गुड़िया पत्नी भागचंद निवासी लांबा व कुछ अन्य महिलाओं के साथ मिलकर लांबा बस स्टैंड पर पकड़ लिया। इसके बाद सभी ने मिलकर उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान सोहनी देवी ने पीड़िता को नीचे पटककर उसके प्राइवेट पार्ट्स में लाल मिर्च का पाउडर भर दिया। वो चीखती-चिल्लाती रही लेकिन किसी ने उसे छुड़ाया नहीं और लोग बस स्टैंड पर खड़े लोग वीडियो बनाते रहे।

प्राइवेट पार्ट में मिर्च पाउडर डाले जाने के बाद पीड़िता बेहोश हो गई। इस दौरान उसकी बेटी भी साथ थी, जिसे आरोपी महिलाओं ने धमकाकर दूर कर दिया और पीड़िता का मोबाइल तोड़ दिया।

### इनका कहना है

इस प्रकरण में रिपोर्ट दर्ज होने के अगले ही दिन 4 नामजद महिलाओं को गिरफ्तार भी कर लिया गया तथा एसडीएम के समक्ष पेश भी कर दिया। पीड़िता का भी मेडिकल करवा दिया था बाकी का अनुसंधान जारी है।

**हरिराम जाजुन्दा, थानाधिकारी चित्तावा**

# पांचवा में 22 मई को होने वाले रक्तदान शिविर के पोस्टर का हुआ विमोचन

सद्दाम रंगरेज



**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** लायंस क्लब कुचामनसिटी एवं श्याम ब्लॅड बैंक के तत्वावधान में ग्राम पांचवा एवं समस्त क्षेत्रवासियों के सहयोग से स्वर्गीय चतुर्भुज सोनी की पुण्य स्मृति में स्वर्णकार परिवार के सौजन्य से रविवार को महावीर भवन यूको बैंक के पास पांचवा में आयोजित तृतीय विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर के पोस्टर का विमोचन गुरुवार को पांचवा में लायंस क्लब के प्रांतीय चेयरपर्सन रक्तदान लायन श्यामसुंदर मंत्री के सानिध्य में किया गया। लायन मंत्री ने कहा कि रक्तदान- जीवनदान है। हमारे द्वारा किया गया रक्तदान कई जिंदगियों को बचाता है, इसका एहसास हमें तब होता है जब हमारा कोई अपना रक्त के लिए जिंदगी और मौत के बीच जूझता है। अत: रक्तदान के इस पुनीत कार्य में हमें अधिकतम सहयोग करना चाहिए। लायंस क्लब के प्रांतीय सीईओ रक्तदान लायन श्याम सुंदर सैनी ने पीड़ित मानव सहायतार्थ रक्तदान शिविर आयोजित करने के लिए ग्राम पांचवा एवं समस्त क्षेत्रवासियों एवं स्वर्णकार परिवार को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर पांचवा ग्राम के कपूरचंद पहाड़िया, मांगीलाल सोनी, मनोहर सिंह, राकेश चौहान, राजकुमार दमामी, सुनील शर्मा, महेंद्र कुमार सोनी, श्रवण कुमार सोनी, महेश कुमार सोनी, लायंस क्लब के निवर्तमान सचिव लायन हेमराज पारीक, लायन संजय जैन, लायन सुरेश जांगिड़ एवं लक्ष्य सैनी आदि उपस्थित रहे। पांचवा के युवाओं में शिविर के प्रति बहुत उत्साह था उन्होंने कहा कि कल से ग्रामीण क्षेत्र में हमारा जनसंपर्क अभियान प्रारंभ कर ग्रामीणों को अधिकतम रक्तदान के लिए प्रेरित किया जाएगा।

# ऑपरेशन हुए 58 रोगियों की पुन: जांच कर दवाइयां दी



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट एवं लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में रामानंद चन्द्रकुमार वर्मा के सौजन्य से शंकरा नेत्र अस्पताल जयपुर के सहयोग से गत 11 मई को आयोजित नि:शुल्क नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर मे ऑपरेशन किये गये रोगियों का फॉलोअप शिविर माहेश्वरी भवन में आयोजित किया गया। ट्रस्ट अध्यक्ष लॉयन राम काबरा ने बताया कि शिविर में शंकरा नेत्र अस्पताल जयपुर की टीम ने ऑपरेशन हुये 58 रोगियों की पुन: जांच की जिसमें सभी के नेत्र ज्योति अच्छी पाई गई एवं सभी को एक माह तक धूल धुंआ एवं धूप से विशेष बचाव रखने को कहा तथा क्लब द्वारा रोगियों को नि:शुल्क दवाइयां दी गई। रोगियों को 8 जून को पुन: बुलाया गया है उस दिन चश्मे वितरित किए जाएंगे। सचिव लॉयन द्वारकाप्रसाद कुमावत ने बताया व्यवस्था में उपाध्यक्ष लॉयन मुरलीधर गोयल, निदेशक लॉयन ललित काबरा, महेश शर्मा आदि का सहयोग रहा।

# शादी बनी मिसाल : दूल्हे ने दहेज से किया इनकार, एक रुपया व नारियल लेकर लिए 7 फेरे

## 5.51 लाख रुपयों का टीका लौटाया

### लड़की के पिता से दूल्हा बोला...आशीर्वाद ही काफी

जुगल दायमा



**हरसौर( नागौर डेली न्यूज ) :** शिक्षा के बढ़ावे से समाज कई तरह के सुधार देखने को मिले हैं। शिक्षित लोग दहेज मुक्त शादी को भी बढ़ावा दे रहे हैं। ऐसा ही उदाहरण कस्बे में देखने को मिला। जहां कस्बे में बीते दिवस हुई एक शादी में वर पक्ष की और से दहेज प्रथा जैसी कुरीति को खत्म करने की पहल की गई।

वर पक्ष ने दहेज के रूप में केवल एक रूपया और नारियल स्वीकार किया। कस्बे के निवासी दातार सिंह कुंपावत के पुत्र अर्जुन सिंह की शादी भीलवाड़ा जिले के गुलाबपुरा कस्बे के रहने वाले गणपत सिंह खंगारोत की पुत्री रेणु कंवर संग तय हुई। शादी में वधू पक्ष की ओर से रस्म निभाते हुए 5.51 लाख रुपये बतौर टिका पेश किए गए तो दूल्हे ने हाथ जोड़कर नेग के रूप में एक रूपया और एक नारियल लेकर प्रथा का बहिष्कार किया। शादी में बिन्दोली भी नहीं निकाली गई। सादे समारोह में रस्मो की औपचारिकता पूरी की गई। दूल्हे अर्जुन सिंह ने पॉलिटेक्निक कर कंपटीशन की तैयारी कर रहा है।पिता टेंट व्यवसायी हैं। दुल्हन रेणु कंवर ग्रेजुएट होने के साथ गृहिणी हैं। पिता जलदाय विभाग में बतौर कर्मचारी तैनात हैं।

शादी में वर-वधू पक्ष ने आपसी सहमति से समाज की कुरीतियां मिटाने और शादी समारोह को पूर्णतया नशामुक्त बनाने को संकल्प लिया। दोनों परिवारों में मिलकर पूरा समारोह नशामुक्त आयोजित किया, ।वहीं दहेज प्रथा पर भी प्रहार करते हुए वर पक्ष ने एक नई पहल की।

### दूल्हे ने कहा अब प्रथा को खत्म करने का समय

दूल्हे अर्जुन सिंह ने बताया कि समाज के अंतिम पंक्ति में बैठे गरीब तबके के लोग अपनी बेटियों की शादी के लिए दिहाड़ी मजदूरी कर रुपए एकत्रित करते हैं। ऐसी कठिन परिस्थितियों में लड़कियां पढ़ भी नहीं पाती है। लड़कियों के शादी की चिंता में परिवार के लड़कों के लिए भी आवश्यक संसाधनों में कटौती कर दी जाती हैं। आए दिन समाचार पत्रों के माध्यम से प्रकाशित होने वाली खबरों एवं बड़े पिता रिटायर्ड व्याख्याता अमर सिंह राठौड़ ने मेरे लिए प्रेरणा का काम किया। समाज कुरीतियों के कारण गलत दिशा में जा रहा है। हमें कुरीतियों को मिटाने के साथ-साथ नशे जैसी बुराई को भी खत्म करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है जब समाज व रिश्तेदारों को भी दहेज प्रथा को समाप्त करना चाहिए।



# इस्लाम के बताए रास्ते पर चलकर गुजारे जिंदगी : हाफिज सईद अशरफी

## शैतान के बताएं रास्तों पर ना चलो यह तुम्हें गुमराह कर देंगे

### फिजूलखर्ची छोड़ शिक्षा के लिए आगे आए मुस्लिम समाज

अली शेर खान



**शेरानी आबाद( नागौर डेली न्यूज ) :** कस्बे के केजीएन कॉलोनी स्थित हाजी मजलू खान के घर पर जलसे का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम की शुरुआत कुरान की तिलावत से की गई, उसके बाद अल्लाह की हम्द, मनक़ब्त एवं नातिया कलाम पेश किए गए। इस दौरान बासनी से आए हुए खुसूसी मेहमान मौलाना हाफिज मोहम्मद सईद अशरफी ने कहा कि अल्लाह कुरान में फ़रमाता है ऐ ईमान वालों इस्लाम में पूरे दाखिल हो जाओ और शैतान के कामों पर ना चलो बेशक शैतान तुम्हारा खुला हुआ दुश्मन है। इस्लाम के बताए हुए रास्ते पर चलकर हमें अपनी जिंदगी गुजारने की आवश्यकता है, अल्लाह ने हम पर जो चीजें फर्ज की है उनको पाबंदी के साथ अदा करें। अल्लाह ने जो अपने बन्दों के हुकुक हम पर जरूरी किए हैं उनको पूरा करें। गरीब मजलूम बेसहारा लोगों की मदद करें, भूखों को खाना खिलाएं लोगों के साथ भलाई का कार्य करें, उनसें नरमी के साथ बर्ताव करें यह रास्ता आपको जन्नत तक ले जाएगा। शैतान के बताए हुए गलत रास्ते पर चलकर इंसान कभी कामयाब नहीं हो सकता। शैतान इंसान का खुला हुआ दुश्मन है वह हमें हमेशा गुमराही की तरफ ले जाने की कोशिश करता है मगर हमें अल्लाह के बताए हुए रास्ते पर चलकर अपनी मंजिल हासिल करनी है।

**इस्लाम भाईचारे को बढ़ावा देने का मजहब :** उन्होंने कहा कि इस्लाम अमन शांति भाईचारा को बढ़ावा देने का मजहब है हमें इस्लाम की शिक्षाओं पर और जो शरीयत हमारे लिए बनाई गई है उसी पर चलकर असल मंजिल तक पहुंचना है। दुनिया में आए हुए हर शख्स को मरना है पूरी दुनिया मौत के मामले में एक राय है कि आदमी को एक बार मरना जरूर है तो हम जिंदा रहे तब तक लोगों की भलाई के कार्य और शरीयत पर चलकर जिंदगी गुजारे।

शरीयत के मसाईल को अपनी तबीयत के हिसाब से ना बनाएं मसाइल के मामलों में उलमा से बैठकर हल ढूंढने की कोशिश करें, अपने मन के मसले से कोई भी काम ना करें।

**इन्होंने किया संबोधित :** इस दौरान मौलाना अब्दुल हकीम मिस्बाही, मौलाना मोहम्मद यूनुस मिस्बाही, मौलाना दीन मोहम्मद बरकाती, मौलाना मोहम्मद हनीफ खान, मौलाना सिकंदर अली कुम्हारी आदि ने भी संबोधित किया।

### यह रहे मौजूद

इस दौरान मौलाना मोहम्मद हसन ,मजीद खान, चांद मोहम्मद फौजी, लाल मोहम्मद, हाजी मोहब्बत अली, उमर दराज, गनी मोहम्मद,दीन मोहम्मद, शौकत अली, एजाज खान,अलाउद्दीन खान, अब्दुल रहमान,हाफिज अब्दुल लतीफ, अहमद अली, मौलाना शौकत अली, मौलाना लुकमान हकीम, मोहम्मद यूसुफ, मौलाना शहादत अली, मौलाना मोहम्मद मुस्तकीम, मौलाना अहमद अली, हाफिज मोहम्मद हुसैन, हाफिज मोहम्मद रिजवान, अब्दुल लतीफ, मौलाना मोहम्मद तौसीफ रजा, हाफिज मोहम्मद अरशद रजा, मौलाना लियाकत अली, हाफिज मोहम्मद अनवर,फ़ारूक़ अहमद सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# मानवाधिकार सुरक्षा परिषद की प्रेरणा से सारवान परिवार ने नेत्र चिकित्सालय में भेंट किया वाटर कूलर




सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** मानवाधिकार सुरक्षा परिषद न्यायीक मंच नागौर जिला अध्यक्ष मुन्नालाल काछवाल की मानव सेवा, मूकबधिर सेवा से प्रेरित व प्रभावित होकर मानव कल्याणकारी कार्य करने का बीड़ा तुरन्त उठा लेता हैं। ऐसा ही वाकया गुरूवार को राजकीय नेत्र चिकित्सालय में हुआ। मुन्नालाल काछवाल ने परिजनों को हो रही निर्मल जल की असहनीय पीड़ा की व्यथा बातों ही बातों में लोगों को बतला रहे थे, जो सुन इनके दिल को छू गई और गोविंद लाल, ललित कुमार सारवान इन नेक विचारों से प्रेरित हो कर सारवान परिवार ने एक अनुकरणीय कार्य करने की मिशाल पेश कर डाली।




# पुस्तकालय में वाटर कूलर व आर.ओ. सिस्टम का किया लोकार्पण

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** शहर के वरिष्ठ शिक्षक रहे मास्टर हनुमान प्रसाद माथुर की स्मृति में उनके पुत्र सुनील माथुर ने कुचामन पुस्तकालय के पाठकों के लिए चालीस लीटर वाटर क्षमता का वाटर कूलर और आर ओ सिस्टम भेट किया, जिसका शुभारंभ और लोकार्पण रमेशचंद्र अग्रवाल शेखराजका मुंबई ने गुरूवार को मध्यान्ह सवा बारह बजे किया।

अग्रवाल ने बताया कि वह भी मास्टरजी के शिष्य रहे हैं। मुझे इस नेक कार्य को कर अच्छा लग रहा। पुस्तकालय अध्यक्ष नटवरलाल वक्ता और अन्य पाधिकारियों ने माला एवं दुपट्टा पहनाकर अग्रवाल का स्वागत किया। गत वर्ष में किए गए कार्य और आगामी वर्ष में किए जाने वाले कार्यों की जानकारी दी गई। पुस्तकालय प्रबंधन के आग्रह पर संस्था द्वारा संचालित स्टूडेंट कार्नर एवं पुस्तक ज्ञान यज्ञ योजना के लिए 25000 रूपये प्रदत करने की स्वीकृति प्रदान की। प्रबंध मंडल के सदस्यों में साहित्य उप सचिव सुनील माथुर, सचिव सुरेश वर्मा, कोषाध्यक्ष कालीचरण व्यास, सत्यनारायण मोर,रमेशचंद्र चावला आदि उपस्थित रहे।




## प्रशासन शहरों के संग अभियान शिविर में 64 पट्टों का किया वितरण



अबूबकर बल्खी

**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे प्रशासन शहरों के संग अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत नगर पालिका लाडनू के वार्ड नंबर 23 , 24, 32, 33 व 34 के शिविर का आयोजन नगर पालिका सभागार में किया गया जिसमें भंवर सिंह चारण अजमेर संभाग पर्यवेक्षक द्वारा शिविर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के बाद पर्यवेक्षक द्वारा नगरपालिका कार्यालय में कार्मिकों की बैठक लेकर अभियान की प्रगति की समीक्षा कर उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए। नगर पालिका अध्यक्ष रावत खान व अधिशासी अधिकारी मघराज डूडी के साथ उन्होंने पट्टे धारियों को कृषि भूमि, स्टेट ग्रांट आदि के 64 पट्टे वितरित किए। पालिकाध्यक्ष खान ने बताया कि नगर पालिका सभागार में आयोजित शिविर के दौरान कृषि भूमि नियमन के 20 पट्टे, 69 ए के 30 पट्टे एवं स्टेट ग्रांट नियमन के 14 पट्टे बांटे गए वहीं पांच निर्माण स्वीकृतिया व दो नामांतरण भी जारी किए गए। नगर पालिका अधिशासी अधिकारी डूडी द्वारा अभियान के दौरान विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत जारी होने वाले पट्टों के बारे में अवगत कराया गया। पर्यवेक्षक द्वारा नगर पालिका सदस्य एवं जनप्रतिनिधियों से अधिक से अधिक लोगों के पट्टे जारी करवाने के लिए जानकारी दी गई। शिविर में विशेष बात यह रही कि इस अवसर पर एक भी वार्ड पार्षद मौजूद नहीं रहा जिन 5 वार्डों का शिविर आयोजित हुआ वँहा के पार्षद जनप्रतिनिधि भी शिविर से नदारद नजर आए।

## नेत्र चिकित्सालय में आधुनिक तकनीक से ईलाज की मांग

अबूबकर बल्खी



**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) =** लाडनू व्यापार मंडल एवं चेंबर ऑफ कॉमर्स के तत्वावधान में नागरिकों ने स्थानीय विधायक मुकेश भाकर को एक पत्र सौंपकर शहर की राजकीय नेत्र चिकित्सालय में चिकित्सा व्यवस्थाओं को आधुनिक तकनीक से जोड़कर आमजन को राहत दिलाने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि क्षेत्र की सबसे बड़ी सुखदेव गंगवाल आई हॉस्पिटल मे नेत्र चिकित्सा के लिए आज भी पुरानी तकनीक का इस्तेमाल होने से आमजन को ईलाज के लिए लाडनूँ से बाहर जाकर परेशानियां उठानी पड़ती है। यहां आधुनिक फेको व लेजर तकनीक की व्यवस्था नहीं है जिससे मोतियाबिंद जैसे आंखों के ऑपरेशन चिरफाड पद्धति से किए जा रहे हैं जबकि फेको व लेजर तकनीक काफी कारगर एवं प्रचलित है इससे मरीजों को शारीरिक कष्ट का सामना भी नहीं करना पड़ेगा साथ ही इस तकनीक से समय की बचत भी होगी। लाडनू के नेत्र से जुड़े मरीजों को फेको तकनीक के लिए लाडनू से बाहर जाना पड़ता है जिससे उनका समय एवं धन खर्च हो रहा है जो वहन करना आम आदमी के वश की बात नहीं है।

## रुण में 3 घंटे रहेगी बिजली बंद

फ़ख़रुदीन खोखर



**रुण( नागौर डेली न्यूज ) =** शुक्रवार को 132 केवी जीएसएस रूण में आवश्यक रखरखाव कार्य किया जाएगा। इस वजह से 132 केवी जीएसएस रूण से निकलने वाले सभी 33केवी की लाइनो मैं विद्युत आपूर्ति 3 घंटे बंद रहेगी। 132 जीएसएस रूण के प्रभारी लोकेश कुमार मेहरा ने बताया इस दौरान इस जी एस एस से निकलने वाले 33केवी के रूण प्रथम, असावरी, रूण द्वितीय, ग्वालू,धवा,भदोरा और इंदोकली बंद रहेंगी। इन लाइनों से जुड़े जीएसएस व गांवों में सुबह 7:00 बजे से 10:00 बजे तक विद्युत सप्लाई बंद रहेगी।

## अतिक्रमण पर चला प्रशासन का बुलडोजर,

अबूबकर बल्खी

**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) =** आमजन की शिकायतों पर प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए तहसीलदार डॉ. सुरेंद्र भास्कर के निर्देशन में बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण मुक्त करवाया है। यहां दो अलग अलग जगह राजस्व टीम द्वारा गोरेड़ी व रताऊ में अतिक्रमण हटाया गया। तहसीलदार भास्कर ने बताया कि गौरेड़ी गांव में कई वर्षों से 160 बीघा अंगोर एंव गौचर भूमि को चारों ओर से कई ग्रामीणों ने अवैध रूप से अपने कब्जे में ले रखा था जिसे राजस्व टीम ने अतिक्रमण मुक्त करवाया।

### अंबुजा सीमेंट फाउंडेशन में 8 गांव के 40 किसानों की रखी गई बैठक

## 20 किसानों को वर्षा जल संग्रहण के तहत टांका का निर्माण के लिए अंबुजा सीमेंट फाउंडेशन द्वारा 3,60,000 रुपये की राशि के चेक दिए गए





अ.रहमान देवड़ा

**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज ) :** गुरुवार को अंबुजा सीमेंट फाउंडेशन मारवाड़ मुंडवा के प्रशिक्षण हॉल में 8 गांव के 40 किसानों की बैठक रखी गई, जिसमें अंबुजा सीमेंट फाउंडेशन के सभी प्रोजेक्ट अधिकारी, ग्रीन डेजर्ट फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के पदाधिकारी उपस्थित थे। सभी प्रोजेक्ट अधिकारियों ने जल संग्रहण टांके, मेड़बंदी, खेत तालाब, कृषि आधारित तकनीकी जानकारी, महिला सशक्तिकरण एवं स्वास्थ्य व स्वच्छता कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी किसानों को उपलब्ध करवाई गई। उपस्थित 20 किसानों ने वर्षा जल संग्रहण के तहत टांका का निर्माण करवाएं हैं उन किसानों को अंबुजा सीमेंट फाउंडेशन द्वारा 3,60,000 रुपये की सहयोग राशि चेक के माध्यम से प्रदान की गई एवं उपस्थित लाभार्थियों को चेक हस्तांतरित किए गए। इस बैठक में महिला व किसानों के साथ अंबुजा सीमेंट फाउंडेशन के टीम लीडर प्रशांत रंगा, गौरव खंडेलवाल, रमेश चंद्र, विजेंद्र चौहान, विजय सिंह चौहान, गब्बर सिंह राठौड़ एवं एवं ग्रीन डेजर्ट फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के अधिकारी प्रेमसुख मुंडेल, परसा राम, सहदेव, दामोदर एवं सभी अधिकारीगण उपस्थित हुए।

## शहर के आंगनवाड़ी केंद्रो पर सामुदायिक उत्सव पर जन स्वास्थ्य संदेश गतिविधि का हुआ आयोजन



अ.रहमान देवड़ा

**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज ) =** शहर के आंगनवाड़ी केंद्र संख्या 17 पर सामुदायिक उत्सव पर जन स्वास्थ्य संदेश गतिविधि का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पर्यवेक्षक राधेश्याम कासनिया की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर गर्भवती महिलाओं, धात्री, किशोरी बालिका व 3-6 आयु वर्ग के बच्चे को शारीरिक, मानसिक, सामाजिक रूप से स्वस्थ बनाए रखने के लिये जागरुक करना ही इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य था। इस दोरान स्वस्थ एंव स्वच्छ बालक प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें आयुष ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जिन्हें पारितोषिक स्वरुप पुरूस्कार से नवाजा गया। साथ उपस्थित अभिभावकों को टीकाकरण, पोषण, स्वच्छता पर ध्यान रखते हुऐ समय पर टीकाकरण से एक रोग मुक्त भारत के निर्माण में सहयोग करने कि अपील की गई। वही शहर के वार्ड नंबर 18 में कार्यकर्ता राबिया बानो, साहियका रुखसाना, आशा सहयोगिनी नसीब बानो ने दो महिलाओ की गोद भराई की रस्म अदा की । कार्यकर्ताओ ने अमीना व रुखसाना के घर जाकर उचित परामर्श दिया द्य बालिका माफिया के 3 वर्ष पूर्ण होने पर पूर्व प्राथमिक शिक्षा हेतु पंजीकरण कर प्रवेशोत्सव गतिविधि का भी आयोजन किया गया। अंत में सभी को केले के रूप में फलाहार कराया गया।

## घर के पास ईलाज उपलब्ध कराने का सपना होगा साकार : चिकित्सा मंत्री

**जयपुर।** अशोक गहलोत की बजट घोषणा 2022-23 की क्रियान्विति में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा जोधपुर जिले के लोहावट, दौसा के लालसोट, राजसमंद की भीम एवं सीकर के खण्डेला में 50-50 बैड के मदर एण्ड चाइल्ड केयर सेन्टर खोले जाने की स्वीकृति जारी की गयी है।

## नरेगा कार्मिक 16वें दिन भी डटे रहे हड़ताल पर

### सरकार पर लगाया चुनावी व बजट वादा खिलाफी का आरोप

अ.रहमान देवड़ा



**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** महात्मा गांधी नरेगा कार्मिक संघ के आव्हान पर नागौर जिले की सभी पंचायत समितियो के महात्मा गांधी नरेगा कार्मिक अपनी मांगों को लेकर आज कार्मिक रैली निकालकर पशु प्रदर्शनी मानासर 16वे दिन धरने पर बैठे हैं। नरेगा संविदा कार्मिकों ने बताया कि 14 वर्षो से संविदा पर कार्यरत है और राजस्थान के यशस्वी मुख्यमंत्री द्वारा बजट घोषणा व चुनावी वादे करने के बावजूद भी नियमितीकरण सहित विभिन्न मांगों पर अधिकारियों द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है एवं सरकार सूचना -सूचना खेल रही है कार्मिकों ने मौके पर अलग-अलग विचार व्यक्त किए। डीडवाना ब्लॉक अध्यक्ष करण सिंह ने बताया कि बार-बार ज्ञापन के माध्यम से एवं जनसुनवाई में सरकार को अवगत करवाया गया किंतु सरकार द्वारा लगातार आश्वासन के अलावा कुछ नहीं दिया गया।

जिससे कार्मिकों में रोष है एवं कार्मिकों ने धरना देकर अपनी भर्ती को पूरी करवाने के लिए सरकार का ध्यान आकर्षित करवाने का प्रयास किया। संघ जिला मीडिया प्रभारी खुर्शीद आलम ने बताया कि अगर समय रहते मांगे नहीं मानी तो बड़े आंदोलन का आगाज होगा । संविदा कार्मिकों के आंदोलन में सरपंच संघ ने भी समर्थन प्रदान कर आंदोलन की चेतावनी दी है। नरेगा संविदा कार्मिकों के आंदोलन की वजह से नरेगा योजना के कार्य ठप्प हो गए है और श्रमिको को रोजगार नहीं मिल रहा है। धरना स्थल पर जिला अध्यक्ष रूपा राम नेहरा उपाध्यक्ष आर.के. सैन ब्लॉक अध्यक्ष खींवसर गोरखा राम गुजर हरदेवराम गुर्जर, मांगीलाल मेघवाल, विनोद कुमार पहाड़िया, सुशील कुमार शर्मा, प्रमोद गोड, खिवराज जांगिड़, कमल तोमर, तिलोकचंद, संजय कुमार, चंपालाल, भंवरलाल, भेराराम गोदारा, भवराराम गोदारा, सुरेश काला, राजेंद्र पाल सिंह, हनुमान प्रसाद, महेंद्र सिंह, भंवर लाल मंडा, राकेश कुमार, रामा राम जांगिड़, नरपत राम, विनोद कुमार खिचड़, प्रेमाराम बिडियासर, मुकेश कुमार मीणा, दुर्गा प्रसाद, करण सिंह शेखावत, राजेंद्र सिंह, सरिता गोर, हेमलता शर्मा, मंजू देवी, दिलीप पालीवाल, माधा राम सहित सैकड़ों की संख्या में कार्मिक उपस्थित रहे।

## माइक्रोन्यूट्रेन्ट्स किट और कंपोस्ट यूनिट के लिए किसानों को मिलेगा लगभग 15 करोड़ रूपए का अनुदान

**जयपुर।** अशोक गहलोत ने बजट घोषणा 2022-23 के मिशन-04 के अंतर्गत प्रथम चरण में 1 लाख किसानों को माइक्रोन्यूट्रेन्ट्स किट अनुदानित दर पर उपलब्ध कराने के लिए 10 करोड़ रूपए के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इसमें मुख्यमंत्री कृषक साथी योजना के अंतर्गत 5 करोड़ की राशि उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही मुख्यमंत्री कृषक साथी योजना के अंतर्गत 33 हजार किसानों को कंपोस्ट यूनिट की स्थापना के लिए 4.95 करोड़ रूपए भी स्वीकृत किए गए हैं।







स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक सद्दाम द्वारा नेशनल प्रिंटर्स, लोहा मंडी, डीडवाना से मुद्रित तथा घाटी कुआँ, छीपा मोहल्ला, कुचामनसिटी, जिला नागौर (राज.) से प्रकाशित। मोबाइल नम्बर 7737211664 Email-nagaurdaily0@gmail.com